बरेली, रविवार
27 अप्रैल, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20+4+4=28

# दैनिक जागरण

PAGE NO : 04 TOP

# कम होती नौकरी में एंटरप्रेन्योरशिप ही विकल्प : देव मूर्ति

जागरण संवाददाता, बरेली : श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (एसआरएमएस सीईटी) में आयोजित तकनीकी वार्षिक उत्सव 'टेकव्योम-2025' में संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति ने विद्यार्थियों को सिर्फ जाब के लिए पढ़ाई न कर एंटरप्रेन्योरशिप बनने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि एआइ के दौर में जाब की संख्या कम हो रही है। ऐसे में युवाओं के पास टेक्नोलाजी में दक्ष होकर इंटरप्रिन्योर बनने का सुनहरा मौका है। खुद का देव मूर्ति ने कहा कि एआइ के दौर में टेक्नोलाजी में विशेषज्ञता ही आपको आगे रखेगी। टेकव्योम में विजयी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट और ट्राफी के साथ ही 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई।



एसआरएमएस सीईटी में आयोजित तकनीकी वार्षिक उत्सव 'टेकव्योम-2025' का निरीक्षण करते चेयरमैन देव मूर्ति व अन्य ● सौ. संस्थान

एसआरएमएस सीईटी में शनिवार को राष्ट्र स्तरीय तकनीकी महोत्सव 'टेकव्योम-2025' का आरंभ हुआ। 'एआइ संचालित भारतः नवाचार, समावेशन, प्रभाव' विषय पर विद्यार्थियों के ग्रुप टायरो क्लब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में टेक गैलरी, टेक्निकल टाक, आविष्कारक, रोबो युद्ध, रिसर्च पेपर एवं पूर्व छात्र मिलन समारोह समेत 32 इवेंट आयोजित हुए। देर शाम सभी इवेंट के विजयी प्रतिभागियों की घोषणा हुई। उद्घाटन समारोह में एसआरएमएस ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति ने कहा कि 23 साल पहले वर्ष 2002 से पहली बार टेकव्योम का आयोजन टायरो क्लब की ओर से किया गया। टायरो प्रेसीडेंट प्रतिष्ठा सिंह ने 'टेकव्योम-2025' की थीम बताने के साथ इसकी जानकारी दी। संचालन वंशिका शर्मा और राहुल भट्ट ने किया। इस अवसर पर एसआरएमएस गुड लाइफ हास्पिटल की डायरेक्टर ऋचा मूर्ति, ट्रस्ट एडवाइजर इंजीनियर सुभाष मेहरा, एसआरएमएस सीईटी के प्रिंसिपल डा. प्रभाकर गुप्ता, एसआरएमएस मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा. एमएस बुटोला, एसआरएमएस सीईटीआर के डीन डा. शैलेष सक्सेना, पैरामेडिकल कालेज की प्रिंसिपल डा. जसप्रीत आदि मौजूद रहे।